मृदुल पत्रिका
समाचार पत्र को समस्त
जिलों एवं तहसील-कस्बों
में संवाददाताओं की
आवश्यकता है।
सम्पर्क सूत्र
9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका
Mridul Patrika
राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों
व समाचार पत्रों की
प्रिन्टिंग की जाती है
सम्पर्क सूत्र
9571039307
(भरत प्रिंटर्स एण्ड
सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 वर्ष 17 मूल्य 2.00 रुपए अंक 35 | जयपुर, सोमवार, 15 सितम्बर, 2025 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

60 से अधिक संस्थाओं और संगठनों ने प्रदर्शनी में भाग लिया

उज्ज्वल राजस्थान 2.0' में सीएसआईआर-सीरी की ओर से विकसित प्रौद्योगिकियां आकर्षण का केंद्र

पिलानी/ उदयपुर (बाबूलाल घोघलिया/ मृदुल पत्रिका)। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर योगदान कर रही राष्ट्रीय प्रयोगशाला सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी ने उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय 'उज्ज्वल राजस्थान 2.0' विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में अपनी अभिनव और स्वदेशी विकसित तकनीकों का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सबका ध्यान आकर्षित किया। 11 से 13 सितंबर तक आयोजित की गई इस प्रदर्शनी में प्रस्तुत तकनीकें जीवन स्तर में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार, जल सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता तथा कौशल विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही हैं।

संस्थान द्वारा प्रदर्शित एवं आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रही प्रमुख तकनीकें इस प्रकार हैं-

क्षीर स्कैनर – यह पोर्टेबल और गैर-आक्रामक उपकरण, जो दूध में मिलावट का वास्तविक समय में परीक्षण कर उपभोक्ताओं को सुरक्षित विकल्प प्रदान करता है।

जल गुणवत्ता मापन किट – यह आवश्यक जल मापदंडों की जाँच हेतु क्षेत्र में उपयोग किए जाने योग्य प्रणाली है, जिससे सुरक्षित और स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा सकता है।

पीएच ट्रांसमीटर – यह जल उपचार तथा औद्योगिक प्रक्रियाओं में पीएच स्तर की निरंतर निगरानी कर गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने वाला उपकरण है।

आधुनिक एलईडी समाधान – यह ऊर्जा-कुशल प्रकाश व्यवस्था है, जो घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए बेहतर रोशनी प्रदान करती है।

फ्लुओरो पीसीआर – यह रोग निदान में उपयोगी, तेज़ और किफायती रीयल-टाइम डीएनए प्रवर्धन मशीन है , जिससे समय पर उपचार संभव होता है।

कोल्पोस्कोप – यह गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की प्रारंभिक पहचान में सहायता प्रदान करने वाला मेडिकल इमेजिंग उपकरण है।

स्मार्ट वॉच – यह स्वास्थ्य निगरानी तथा पहनने योग्य तकनीक के क्षेत्र में नवाचार लाते हुए व्यक्तिगत देखभाल में सहायक स्मार्ट डिवाइस है। इन तकनीकों के माध्यम से सीएसआईआर-सीरी विज्ञान को समाज से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण, सतत विकास तथा तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान कर रहा है। इस भव्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में भारत सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों के अधीन कार्यरत 60 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया। शिक्षण संस्थान, शोध संगठन, स्टार्टअप, उद्योग जगत, नीति निर्धारक, किसान, नवप्रवर्तक तथा आमजन ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। विभिन्न क्षेत्रों की प्रगतिशील तकनीकों और नवाचारों के प्रदर्शन ने विज्ञान आधारित समाधान को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहन दिया। इस विज्ञान अधिवेशन में संस्थान का प्रतिनिधित्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ विजय चटर्जी, तकनीकी अधिकारी अभय पिपलवा और परियोजना कार्मिक जय प्रमाणी ने किया।